कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस-विज्ञप्ति

दिनांक- 24/04/2024

विषय - थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा पिकअप चोरी की घटना से संबंधित एक नफर अभियुक्त गिरफ्तार, पिकअप बरामद

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी जोन व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त जोन काशी व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज जोन काशी कमि0 वाराणसी के कुशल निर्देशन में थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना जैतपुरा पर पंजीकृत पिकअप वाहन चोरी की घटना से संबंधित अभियुक्त रोहित शुक्ला पुत्र रमेश शुक्ला निवासी ग्राम सुखदेहरा थाना भाँवरकोल जिला गाजीपुर उम्र करीब 20 वर्ष को चोरी गयी पिकअप वाहन सहित आज दिनांक 24.04.2024 को गिरफ्तार किया गया । अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है ।

घटना का विवरणः- दि0 12-13/04/2024 की रात्रि 12 से 01 बजे के मध्य वादी मुकदमा राजकुमार यादव पुत्र स्व0 रामदौर यादव नि0 सा 17/123 पहड़िया थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी की पिकअप वाहन को वादी मुकदमा की पहड़िया स्थित श्रीराम आयरन स्टोर दुकान के सामने से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया था । जिसके संबंध में वादी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 74/2024 धारा 379 भादवि पंजीकृत कराया गया था । उक्त के संबंध में जैतपुरा पुलिस द्वारा मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि चोरी गयी पिकअप वाहन सहित चोरी की घटना में संलिप्त चोर नक्खीघाट से हुकुलगंज की तरफ जा रहे हैं । मुखबिर खास की सूचना पर थाना जैतपुरा पुलिस द्वारा नक्खीघाट की तरफ से आ रही पिकअप वाहन को बघवानाला के समीप रोकने का प्रयास किया गया । पुलिस को देखकर पिकअप वाहन में सवार दोनों व्यक्ति पिकअप वाहन को छोड़कर भागने लगे । जिनमें से एक अभियुक्त रोहित शुक्ला पुत्र रमेश शुक्ला

निवासी ग्राम सुखदेहरा थाना भाँवरकोल जिला गाजीपुर उम्र करीब 20 वर्ष को जैतपुरा पुलिस द्वारा मौके पर दौड़ाकर पकड़ लिया गया तथा अन्य अभियुक्त अंधेरे व गलियो का लाभ लेते हुए भागने मे सफल रहा । बरामदशुदा पिकअप वाहन का प्लेट नम्बर चेक किया गया तो उक्त पिकअप वाहन पर कोई भी नम्बर प्लेट नही लगा था । उक्त पिकअप वाहन का बोनट खोल कर चेचिस नं0 व इंजन नं0 को ई-चालान ऐप के माध्यम से चेक किया गया तो उक्त पिकअप वाहन का रजिस्ट्रेशन नं0 UP65DT2068 तथा वाहन स्वामी श्रीराम आयरन स्टोर्स (वाहन केयर का नाम राजकुमार यादव) पाया गया, जो मु0अ0सं0 74/24 धारा 379 भादवि के वादी हैं । अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है ।

विवरण पूछताछः- पकड़े हुए व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम रोहित शुक्ला पुत्र रमेश शुक्ला निवासी ग्राम सुखदेहरा थाना भाँवरकोल जिला गाजीपुर उम्र करीब 20 वर्ष बताया । अभियुक्त से भागने व वाहन के संबंध में पूछा गया तो अभियुक्त द्वारा बताया कि साहब यह गाड़ी चोरी की है, जिसको हम लोग दिनांक 12-13/04/2024 की रात को एक बिल्डिग मेटेरियल की दुकान के सामने से मिलकर चुराये थे । जिसे हम दोनों लोग पेन्ट कराकर चला रहे थे और इसको बेचने के लिये ग्राहक की तलाश कर रहे थे कि आप लोगो द्वारा पकड़ लिया गया । साहब मुझसे गलती हो गयी है, मुझे माफ कर दीजिए । भागने में सफल रहे अन्य अभियुक्त के संबंध में पूछने पर उसका नाम विपिन यादव पुत्र लल्लन यादव नि0 गोड़ी अलावलपुर मठिया थाना भांवरकोल जनपद गाजीपुर बताया ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1- रोहित शुक्ला पुत्र रमेश शुक्ला निवासी ग्राम सुखदेहरा थाना भाँवरकोल जिला गाजीपुर उम्र करीब 20 वर्ष

बरामदगी का विवरण- मु0अ0सं0 74/24 धारा 379 भादवि से संबंधित चोरी गयी पिकअप वाहन रजिस्ट्रेशन सं0 UP65DT2068

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान¬- नक्खीघाट से हुकुलगंज के मध्य बघवानाला के समीप दिनांक 24.04.2024

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 74/2024 धारा 379/411/419/420 भादवि थाना जैतपुरा कमिश्नरेट वाराणसी

2- मु0अ0सं0 42/2019 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना भांवरकोल जनपद गाजीपुर

3- मु0अ0सं0 33/2021 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना भांवरकोल जनपद गाजीपुर

गिरफ्तार/सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

श्री बृजेश कुमार मिश्र थानाध्यक्ष जैतपुरा कमि0 वाराणसी
उ0नि0 कृष्ण कुमार गुप्ता थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी
उ0नि0 आलोक त्रिपाठी थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी
प्रशि0उ0नि0 हृदय लाल थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी
हे0का0 दिलशाद खां थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी
का0 कीर्ति कुमार थाना जैतपुरा कमि0 वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी ।